# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : नवम्बर-दिसम्बर 2021

## परीक्षा का नाम : अलंकार प्रथम (द्वितीय प्रश्नपत्र)

## विषय : कथ्थक

दि. 30/01/2022 समय : 3 घंटे (दोपहर : 2 से 5) कुल अंक : 100

सूचना : 1) कुल पाँच प्रश्न हल करे ।
2) सभी प्रश्नों के अंक समान है ।

**प्र. 1 अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये। (1X10=10)**

1. मानी स्वभाव के नायक को ----------- नायक कहते है।
2. हार्मोनियम ----------- प्रकार का वाद्य है।
3. अष्टमंगल ताल में ----------- मात्राएँ होती है।
4. प्रकृति के अनुसार नायिका के ----------- भेद है।
5. सामान्यत: आमद् ----------- लय में प्रस्तुत की जाती है।
6. बैले नृत्य की कला का मुख्य संबंध ----------- और के अभ्यास पर निर्भर करता है।
7. 'नौटंकी' यह मूल रुप से ----------- का एक लोकनाट्य है।
8. नायकभेद ----------- प्रकार के है।
9. चतरंग में ----------- प्रकार के अंग होते है।
10. तबला ----------- प्रकार का वाद्य है।

**ब) सही या गलत बताईये। (1X10=10)**

1. शहनाई सुषिर वाद्य है।
2. अष्टपदी के आठ पद होते है।
3. तबले तथा लहरे / नगमे की संगति के बिना कथक नृत्य प्रस्तुत किया जा सकता है।
4. कजरी यह चैत्र महिने में गाया जानेवाला लोकगीत है।
5. पं. अच्छन महाराज जयपूर घराने के कलाकार हैं।
6. रास मण्डली के अधिकारी की स्वामीजी कहा जाता है।
7. तमाशा प्रदर्शन के प्रारंभ में 'शाहीर' नामक पुरुष पात्र दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत होता है।

8. लक्ष्मी ताल 13 मात्राओं का है।
9. ठाठ का प्रदर्शन द्रुत लय में होता है।
10. तराने के बोलों से साहित्यिक अर्थ प्रकट नहीं होता है।

**प्र. 2 अ) जोडियाँ मिलाई ये।** **(1X10 = 10)**

| | |
|---|---|
| 1. करुण | 1) अभिनय |
| 2. बाँसुरी | 2) अद्‌भुत |
| 3. वासकसज्जा | 3) जयपूर घराना |
| 4. अवलोकिता | 4) 13 मात्रा |
| 5. गतभाव | 5) लखनऊ घराना |
| 6. सुंदर प्रसाद जी | 6) शोक |
| 7. बिंदादीन महाराज | 7. नायक भेद |
| 8. धीरललित | 8. दृष्टीभेद |
| 9. विस्मय | 9. सुषिर |
| 10. रासताल | 10. अष्टनायिका |

**ब) सही विकल्प चुने।** **(1X10=10)**

1. भारत में विदेशी शैली से प्रभावित नृत्यनाटिका प्रस्तुत करने का कार्य किसने किया ?
   (1) गोपीकृष्ण (2) उदयशंकर (3) बिरजू महाराज
2. दशावतार में किस देवताने अलग अलग अवतार धारण किए है ?
   (1) श्रीकृष्ण (2) विष्णु (3) शिव
3. त्रिवट में कौनसे बोल स-स्वर गाये जाते हैं ?
   (1) नृत्य (2) तबला (3) मृदंग/पखावज
4. सौंदर्शास्त्रीय सिध्दांत में क्या आता है ?
   (1) स्थिती (2) लालित्य (3) गति
5. धीरोदात्त नायक में कौनसा गुण होता है ?
   (1) उदात्तता (2) शठता (3) सौम्यता
6. अवस्था-अनुसार नायिका कितने प्रकार की होती हैं ?
   (1) तीन (2) आठ (3) चार
7. कथक नृत्यशैली के सौंदर्य का शास्त्रीय सिध्दांत कौनसा है ?
   (1) सरगम (2) ठाठ (3) आकृतिबंध

8. बैले का उद्‌भव कहाँ हुआ?

(1) भारत (2) इंग्लैंड (3) जापान

9. 'बोल-बाँट' यह कौनसी गायकी का प्रकार है?

(1) कजरी (2) ठुमरी (3) चैती

10. रौद्र रस का स्थायी भाव कौनसा है?

(1) रति (2) भय (3) क्रोध

**प्र. 3 लिपीबध्द कीजिये (कोई 2) (2X10=20)**

1. अष्टमंगल में फर्माईशी चक्रदार परण
2. लक्ष्मी ताल में कवित्
3. रासताल के ठेके की तिगुन, चौगुन

**प्र. 4 संक्षिप्त जानकारी दीजिये (कोई 2) (2X10=20)**

1. नृत्यनाटिका
2. बैले
3. नौटंकी

**प्र. 5** कथक नृत्य में संगतकारों की भूमिका बताईये। (20)

**प्र. 6** कथक नृत्य के वस्तुक्रम को विवेचनात्मक रुप में समझाईये। (20)

**प्र. 7** कथक नृत्य शैली के सौंदर्यशास्त्रीय सिध्दांतों का वर्णन कीजिये। (20)

**प्र. 8** कथक नृत्य के प्रस्तुतीकरण मे सांगीतिक विचार- उदाहरणसहित समझाईये। (20)

**प्र. 8** फर्माईशी परण किसे कहते है? कोई एक परण लिपीबध्द करके समझाईये। (उसमें फर्माईश क्या है, यह समझाईये) (20)

**प्र. 10** वाद्यों के प्रकारों की जानकारी देकर, कथक नृत्य के प्रस्तुतीकरण में उनकी उपयोगिता समझाईये। (20)